॥ श्रीभगवन्निम्बार्काचार्याय नमः ॥

श्रीभगवन्निम्बार्काचार्य समुपदिष्ट

वैष्णव परम्परानुसार

नित्यकर्म-पद्धति

अ. पं. श्रीलाडिलीशरण ब्रह्मचारी

* श्रीसर्वेश्वरो जयति *

॥ श्रीभगवन्निम्बार्काचार्याय नमः ॥

श्रुति-स्मृति-सूत्र-तन्त्र-पुराणोक्त श्रीभगवन्निम्बार्काचार्य
समुपदिष्ट वैष्णव परम्परानुसार

नित्यकर्म--पद्धति

संकलनकर्ता--

अ० पं० श्रीलाडिलीशरण ब्रह्मचारी

व्याकरण तीर्थ, न्यायालंकार, काव्यरत्न, वेदान्तशास्त्री

प्रकाशक--

अखिल भारतीय श्रीनिम्बार्काचार्यपीठस्थ शिक्षा समिति

निम्बार्कतीर्थ--सलेमाबाद (राजस्थान)

तृतीय संस्करण
२०००

श्रीकृष्ण-जन्माष्टमी महोत्सव
वि० सं० २०५६

पुस्तक प्राप्ति स्थान--
अखिल भारतीय श्रीनिम्बार्काचार्यपीठ
निम्बार्कतीर्थ (सलेमाबाद)
पुष्करक्षेत्र, जिला-अजमेर (राज०)

तृतीयावृत्ति--
दो हजार

मुद्रक--
श्रीनिम्बार्क--मुद्रणालय
निम्बार्कतीर्थ (सलेमाबाद)
जिला--अजमेर (राज०) ३०५८१५

न्यौछावर
दश रूपये मात्र

भूमिका

परम दयालु विश्व हितार्थ बद्धपरिकर, भगवदीय धर्म के प्रवर्तक देवर्षि श्रीनारदजी सर्वत्र पर्यटन करते हुये श्रीसनकादि समुपदिष्ट तत्त्व को भूतल में प्रवृत्त करने की कामना से एक दिन श्रीसुदर्शनाश्रम में पधारे । वहाँ भगवदाज्ञा से अवतीर्ण श्रीसुदर्शनावतार नियमानन्द नामक श्रीनिम्बार्क ने देवर्षि प्रवर का स्वागत करके उन्हें दिव्य आसन पर पधराया । पुरुषोत्तम श्रीप्रिया-प्रियतम की प्रेरणा से ही मुझे उपदेश करने के लिए आपश्री यहाँ पधारे हैं--यह मन में विचार करके श्रीनियमानन्द ने मुमुक्षुजनों के उपकारार्थ श्रुतिशिरस्क उपनिषद् भाग, ब्रह्मसूत्र एवं भगवद् गीता आदि के गुह्यतम एकान्त निर्णय की जिज्ञासा से निवेदन किया--भगवन् किं वेदान्तरहस्यम् (भगवन्! वेदान्त का रहस्य क्या है ?) देवर्षि श्रीनारदजी ने इस प्रश्न का समुचित समाधान किया ।

इसी प्रसङ्ग में श्रीनियमानन्द ने भगवद्भावापत्तिरूप मोक्ष व इसके अन्तरङ्ग उपायों के सम्बन्ध में भी अपनी जिज्ञासा प्रकट की, जिसका समाधान करते हुए देवर्षिप्रवर श्रीनारदजी ने कहा--

तद्भावापत्ति (उस पर-ब्रह्म सवितृ-पदार्थ श्रीसर्वेश्वर प्रभु के भाव-असाधारण धर्म विशेष की प्राप्ति अर्थात् निरन्तर प्रभु विषयक अनुभव में जीव की स्थिति) ही मोक्ष है ।

बद्धावस्था में अनादिकर्मात्मिका माया से युक्त होने के कारण जीव का धर्म भूत ज्ञान कर्मानुसार संकुचित हो जाता है। मुक्तावस्था में अपहत पाप्मत्व (निष्पापत्व), विरजत्व, विशो-

कत्व आदि से सम्पन्न विज्ञान घनीभूत अपने स्वरूप का आविर्भाव होने पर वह जीव निरतिशय व अनवच्छिन्न, ज्ञान, आनन्द आदि के आश्रय श्रीसर्वेश्वर प्रभु विषयक अनुभव में निरन्तर अवस्थित होता है । अर्थात् कर्म बन्धन से मुक्त होकर नित्य निकुञ्जविहारी सर्वेश्वर श्रीराधामाधव की लीलाओं का वह निरन्तर अनुभव करता रहता है । इसी का नाम मोक्ष है । यह कर्म, ज्ञान, उपासना, प्रपत्ति, गुर्वाज्ञानुवृत्ति, योग आदि अनेक साधनों से प्राप्त होती है ।

उक्त साधनों में कर्मयोग तीन प्रकार का है--१-नित्य २-नैमित्तिक और ३-काम्य ।

१-अहरहः सन्ध्यामुपासीत, यावज्जीवमग्निहोत्रं जुहोति इति वेद-विहित, स्नान, नित्य सन्ध्योपासना, जप, तर्पण आदि तथा यज्ञ, दान, अध्ययन आदि त्रैवर्णिक द्विज-साधारण एवं इन्द्रिय-निग्रह, तीर्थसेवा, उपवास, फलाहार, देह-शोषण, अन्न-दान आदि सर्व साधारण **नित्यकर्म** हैं, जो कर्त्तृत्वादि अभिमान से शून्य निष्काम मुमुक्षुओं द्वारा अनुष्ठित होने पर अन्तःकरण की शुद्धि व ज्ञान, भक्ति की उत्पत्ति द्वारा मोक्ष के साधक होते हैं ।

२-कालादि विशेष निमित्त से विधीयमान श्राद्धादि तथा प्रायाश्चित्तादि भी **नैमित्तिक कर्म** होते हैं ।

३-स्वर्ग कामो यजेत-इत्यादि कामना को अधिकृत करके विधीयमान कर्म **काम्य कर्म** होते हैं ।

इनमें नित्य व नैमित्तिक कर्म अपने-अपने वर्ण व आश्रम के अधिकार के अनुसार भगवदाज्ञापालनात्मक भजन रूप होने से अवश्य करने चाहिये । त्रैवर्णिक मुमुक्षुओं द्वारा वैदिक तथा

एक जाति (चतुर्थ वर्ण) द्वारा अपने अनुरूप तर्पण, अन्नदान आदि पौराणिक कर्म किये जाने चाहिये । काम्य कर्मों का तो संसार हेतु होने से निषिद्ध कर्मों के समान सर्वथा त्याग कर देना चाहिये ।

श्रुति-स्मृति ममैवाज्ञे य उल्लङ्घ्य प्रवर्तते ।
आज्ञा-च्छेदी मम द्वेषी मद्भक्तोऽपि न वैष्णवः ॥
(नारद नियमा. गो. रहस्य पृ. सं. ५८)

वर्णाश्रम धर्म मुमुक्षु वैष्णवों के लिये त्याज्य है-ऐसा कहना सर्वथा अनुचित है, क्योंकि वर्णाश्रम धर्म का त्याग करने वाला नग्न व पातकी होता है--

ऋग्यजुः साम संज्ञेयं त्रयी वर्णावृतिर्द्विज ! ।
एतामुज्झति यो मोहात् स नग्नः पातकी स्मृतः ॥
(नारद नियमा. गो. रहस्य. पृ. सं. ५८)

शास्त्र विधि को छोड़कर मनमानी करने वाला सिद्धि, सुख व परम गति को प्राप्त नहीं होता--

यः शास्त्रविधिमुत्सृज्य वर्तते कामकारतः ।
न स सिद्धिमवाप्नोति न सुखं न परां गतिम् ॥
तस्माच्छास्त्रं प्रमाणं ते कार्याकार्य-व्यवस्थितौ ।
ज्ञात्वा शास्त्रविधानोक्तं कर्म कर्त्तुमिहार्हसि ॥
(गीता. १६/२३-२४)

अतएव देवर्षिप्रवर श्रीनारदजी ने भी शास्त्र रक्षण पर अधिक बल दिया है--भवतु निश्चय दाढ्यार्दूर्ध्वं शास्त्ररक्षणम् (ना. भ. सूत्र १२) अर्थात् विधि निषेध से अतीत एक मात्र श्री-

राधाकृष्ण युगल में अलौकिक प्रेम प्राप्त करने का मन में दृढ निश्चय कर लेने के पश्चात् भी शास्त्र की रक्षा करनी चाहिये। भगवदनुकूल शास्त्रोक्त नित्य, नैमित्तिक कर्म करते रहना चाहिये।

[१]स्वयं श्रीनिम्बार्क भगवान् ने ब्रह्मज्ञान का कारण शास्त्र को ही माना है। [२]श्री श्रीनिवासाचार्यजी ने शास्त्र का वेद अर्थ किया है, और सिद्धान्त पक्ष में वेद को ही ब्रह्मज्ञान के लिये प्रमाण कहा है। अनुमानादि अन्य प्रमाणों से उसकी असम्भवता प्रतिपादित की है। [३]वेदादि शास्त्र श्रीसर्वेश्वर प्रभु के निःश्वसित हैं, अतः ये अन्तरङ्ग हैं। अन्य कल्पित अनुमानादि बहिरङ्ग हैं। [४]ब्रह्म अन्तरङ्ग वेदादि शास्त्रों से ही जाना जा सकता है, बहिर्भूत अनुमानादि से नहीं--यह कहकर श्रीनिवासाचार्यजी महाराज ने ब्रह्मज्ञान के लिये वेदादि शास्त्रों को ही अन्तरङ्ग प्रमाण स्वीकृत किया है। [५]समस्त वेदों का साक्षात् अथवा परम्परा से परब्रह्म वासुदेव श्रीकृष्ण में ही समन्वय होता है, अतः ये ही जिज्ञासा के विषय हैं। इनका ही ज्ञान व शास्त्र प्रतिपादित नित्य व नैमित्तिक कर्मानुष्ठान रूप साधनों को भगवदाज्ञात्मक भजन रूप मान कर करते रहने से भगवद्भावापत्ति रूप मोक्ष की प्राप्ति होती है।

भारद्वाज ऋषि ने अभिगमन, उपादान, इज्या, स्वाध्याय और ध्यानयोग के द्वारा निरन्तर साधना निरत रहते हुये कालयापन का निर्देश किया है--

---

१-ब्र. सू. १-१-३ का वेदान्त पारिजात सौरभ। २-ब्र. सू. १-१-३ का वेदान्त कौस्तुभ। ३-वृहदारण्य ४-५-११-४--वेदान्त कौस्तुभ। ५-ब्र. सू. १-१-४ का वे. पा. सौ. एवं वेदान्त कौस्तुभ।

कृत्वाभिगमनं पूर्वमुपादाय च सम्पदः ।
इष्ट्वाऽधीत्य च युञ्जानो भागैः कालं नयेद्यतिः ।।

(पञ्चकालानुष्ठान मीमांसा पृ. सं. १)

इसी को ध्यान में रखते हुए परम कारुणिक पूर्वाचार्य प्रवर जगद्विजयी श्रीकेशवकाश्मीरिभट्टाचार्यजी महाराज ने वैष्णवजनों के हितार्थ श्रीकृष्णाराधननिरूपण-प्रवण क्रमदीपिका नामक एक आगम-निबन्ध लिखा है, जिसमें श्रीनारद गौतम आदि ऋषियों द्वारा समुपदिष्ट निष्काम व सकाम उपासना पद्धति का साङ्गोपाङ्ग निरूपण किया है--

गुरुचरणसरोरूहद्वयोत्थान महितः रजः कणकन्दि प्रणम्यमूर्द्धा ।
गदितमिह विविच्य नारदाद्यैर्यजनविधिं कथयामि शार्ङ्गपाणेः ।।

(क्रमदीपिका-पटल १ श्लोक. २)

उपासना की यह पद्धति श्रीनिम्बार्क-सम्प्रदाय की प्राचीन परम्परा से प्राप्त अमूल्य निधि है, किन्तु पठन-पाठन का अभाव एवं शास्त्रीय वर्णाश्रम धर्म में अनास्था होने के कारण वैष्णव समाज इस अनादि वैदिक सत्सम्प्रदाय की प्रामाणिकता व रीति नीति से अनभिज्ञ होकर मनमानी उपासना की ओर अग्रसर होने लग गया है-इसी दुष्प्रवाह को रोकने एवं सम्प्रदाय की वेदशास्त्रानुगत पूवाचार्य समुपदिष्ट उपासना प्रणाली से वैष्णव मात्र को अवगत कराने के लिये अनन्त श्रीविभूषित जगद्गुरु श्रीनिम्बार्काचार्यपीठाधीश्वर श्रीबालकृष्णशरणदेवाचार्य श्री श्रीजी महाराज के कृपापात्र शिष्य अधिकारी पं० श्रीलाडिलीशरणजी

ब्रह्मचारी न्याय व्याकरणशास्त्री काव्यतीर्थ ने आचार्यश्री की प्रेरणानुसार इस **नित्य कर्म पद्धति** का सम्पादन करके इसे सम्वत् १९९४ में प्रकाशित कराया था । इससे उपासक समाज का परम हित हुआ ।

अब यह सुलभ नहीं रही है । पुनः यह सर्वसाधारण को सुलभ होकर उपासना के परम्परानुगत शास्त्रीय मार्ग को प्रशस्त व आलोकित करे--इसी पावन विचारधारा से परम कारुणिक परमाराध्य **अनन्त श्रीविभूषित जगद्गुरु श्रीनिम्बार्काचार्य-पीठाधीश्वर श्रीराधासर्वेश्वरशरणदेवाचार्य श्री श्रीजी महाराज** ने प्रस्तुत नित्य कर्म पद्धति का पुनः प्रकाशन अ० भा० श्रीनिम्बार्काचार्यपीठस्थ शिक्षा समिति की ओर से कराया है । आशा है, वैष्णव समाज इसके सदुपयोग से लाभान्वित होगा ।

विनीत--
रामगोपाल शास्त्री
शिक्षामन्त्री-अ. भा. श्रीनिम्बार्काचार्यपीठ

अधिकारी पं० श्रीलाडिलीशरणजी ब्रह्मचारी

भारत की परम पावन सुरम्य धरा पर समय-समय पर विशिष्ट महापुरुष आविर्भूत होते रहते हैं । उत्तमश्लोक महापुरुष अपने पवित्र जीवन में कुछ ऐसे सर्वलोकोपकारक कार्य करते हैं जिससे उनके अनुपम आदर्शपूर्ण कार्यों से सभी को उत्तम प्रेरणा प्राप्त होती है । उनके लोकमङ्गल कृत्यों से सन्मार्ग दर्शन तथा अपने अतीत के गौरव की रक्षा होती है । ऐसे ही पुण्यश्लोक महापुरुषों में अ० पं० श्रीलाडिलीशरणजी ब्रह्मचारी थे जिन्होंने अपने स्वल्प जीवनकाल में ही काव्य-न्याय-व्याकरण-वेदान्तादि शास्त्रों का सम्यक् परिशीलन कर अर्थ पञ्चक निर्णय नित्य कर्मपद्धति आदि ग्रन्थों का आलेखन कर निम्बार्क-सम्प्रदाय की अनुपम सेवा की है ।

श्रीलाडिलीशरणजी का जन्म उत्तर प्रदेश के श्रीगंगा तट स्थित सुप्रसिद्ध औद्योगिक नगर कानपुर के ही निकटवर्ती किसी पवित्र नगर में कान्यकुब्ज ब्राह्मण परिवार में वि० सं० १९५५ में हुआ था । ये बड़े मेधावी थे, अपनी छात्रावस्था में ये विद्यालय में सभी छात्रों में श्रेष्ठ थे । हिन्दी अभ्यास के साथ-साथ इनकी श्रीभगवद्भक्ति की ओर अभिरुचि रहने लगी । तीव्र वैराग्य होने पर १६ वर्ष की आयु में ही ये घर को त्याग कर सद्गुरु की खोज में निकल पड़े । तीर्थयात्रा के प्रसङ्ग में दीर्घकाल के बाद इनको श्रीनिम्बार्क सम्प्रदाय के एक सन्त के दर्शन हुए । ये सन्त निर्वानी अनी अखाड़ा के भी नागा रहे तथा बड़े सरल और उत्तम विचारवान् थे । इन्होंने श्रीलाडिलीशरणजी को छात्रावस्था में अपने ही साथ रखा और सन्त-महात्माओं की जमातों में भ्रमण कराया । तलवार--लाठी--पट्टा-बनेटी आदि कलाओं का भी

अभ्यास कराया । संस्कृत अध्ययन करने की विशेष अभिरुचि होने से इन्होंने जहाँ तहाँ संस्कृत विद्यालयों में रहकर संस्कृत का गहन अध्ययन किया तथा व्याकरण, न्याय, साहित्यादि ग्रन्थों का सम्यक् प्रकार से विशेष अनुशीलन किया । पश्चात् उपर्युक्त महात्मा से प्रेरित होकर ये श्रीवृन्दावन आगये । श्रीवृन्दावन में इन्होंने श्रीनिम्बार्क सम्प्रदाय के परम प्रख्यात महामनीषी पण्डित-प्रवर श्रीअमोलकरामजी शास्त्री से निम्बार्क वेदान्त का अध्ययन किया । श्रीशास्त्रीजी से ही प्रेरित होकर सं० १६८६ या १६६० के लगभग अखिल भारतीय श्रीनिम्बार्काचार्यपीठ, निम्बार्कतीर्थ-सलेमाबाद आकर अनन्त श्रीविभूषित जगद्गुरु श्रीनिम्बार्काचार्य-पीठाधीश्वर श्रीबालकृष्णशरणदेवाचार्य श्री श्रीजी महाराज से विधिवत् श्रीगोपालमन्त्रराज की दीक्षा प्राप्त की । सम्वत् १६६१ में श्रीनिम्बार्क महासभा के संघटन, श्रीसुदर्शन मासिक पत्र के प्रकाशन आदि कार्यों में भाग लेने लगे । उन दिनों ये श्री श्रीजी महाराज की बड़ी कुञ्ज रेतिया बाजार में तथा कभी-कभी श्री गिरिधारीजी की कुञ्ज में भी रहते थे । यहीं पर ब्रह्मचारी श्रीरामेश्वरशरणजी से इनका विशेष परिचय एवं सम्पर्क हो गया था । साम्प्रदायिक अनेक कार्यों एवं समस्याओं के समाधानार्थ ये दोनों परस्पर में सहयोगी रूप में कार्य किया करते थे । बंगाल के वर्द्धमान श्रीनिम्बार्क सम्प्रदाय के सुप्रतिष्ठित स्थान के महन्त श्रीमनोहरशरणदेवजी महाराज की अभिलाषानुसार उन्हीं के श्रीमधुसूदन विद्यालय में प्राचार्य (प्रिन्सिपल) के रूप में वर्षों तक कार्य किया । यहीं पर इन्होंने पं० श्रीवीरेश्वरजी शास्त्री से नव्य न्याय का गम्भीर अध्ययन किया । श्रीनिम्बार्क सम्प्रदाय के तत्कालीन अनेक विद्वानों से इनका विशेष सम्पर्क हुआ यथा--पं० श्रीअमोलक-

रामजी शास्त्री, पं० त्यागी श्रीविहारीदासजी, श्रीवैष्णवदासजी शास्त्री, म० श्रीभीमाचार्यजी शास्त्री, पं० श्रीकिशोरदासजी वेदान्त निधि, व्रजविदेही चतुःसम्प्रदाय श्रीमहान्त श्रीकाठिया बाबा श्री धनञ्जयदासजी महाराज, बाबा श्रीरामचन्द्रदासजी, पं० श्री-भागीरथजी झा, वै० श्रीउमाशङ्करजी द्विवेदी, श्रीदानविहारीलाल-जी, ब्रह्मचारी श्रीनन्दकुमारशरणजी प्रभृति विद्वानों-सन्तों के नाम विशेष उल्लेखनीय हैं ।

श्रीनिम्बार्क सम्प्रदाय के प्रचुर प्रचार-प्रसार में आप बड़े उत्साह पूर्वक लगे रहते थे । इनके इसी उत्साह को देखकर अनन्त श्रीविभूषित जगद्गुरु श्रीनिम्बार्काचार्यपीठाधीश्वर श्रीबालकृष्ण-शरणदेवाचार्य श्री श्रीजी महाराज ने अ. पं. श्रीव्रजवल्लभशरणजी, अ० श्रीनरहरिदासजी के साथ-साथ वि० सं० १९९४ में श्रीवृन्दा-वन कुम्भावसर पर इनको भी अधिकारी पद पर नियुक्त किया । इन्होंने इस पद पर रहते श्रीनिम्बार्काचार्यपीठस्थ श्रीसर्वेश्वर संस्कृत महाविद्यालय में अध्यापन कार्य भी कराया । आचार्यपीठ के प्रचारादि कार्यों में राजा-महाराजाओं, जागीरदारों के यहाँ जा जाकर सम्पर्क किया। आचार्यपीठ के उत्सव-महोत्सवों में म. पं. श्रीव्रजविहारीदासजी सुपटा एवं पं. श्रीदेवकीनन्दनजी के साथ-साथ रहकर बड़ी तत्परता से कार्य करते थे। आचार्यश्री की पावन सन्निधि में रहकर ये अधिकारीत्रयी अ० श्रीव्रजवल्लभशरणजी, अ. श्रीनरहरिदासजी, अ. श्रीलाडिलीशरणजी समस्त व्यवस्थादि कार्यों में सेवा निरत रहते थे । उन दिनों अ. श्रीवियोगीविश्वेश्वरजी उदयपुर में रहकर **उदय** मासिक पत्र का सम्पादन करते थे । वि. सं. १९९९ के चैत्र मास में श्री वियोगीजी को अधिकारी पद पर नियत किया । वि. सं. २००० में बड़े महाराजश्री के परमधामवास

के पश्चात् चारों ही अधिकारी महानुभाव बड़ी ही निष्ठा के साथ आचार्यपीठ के विभागानुसार सेवा में संलग्न हुए ।

पीठस्थ प्रबन्ध विभाग में अ. श्रीवियोगीविश्वेश्वरजी एवं प्रचार विभाग में अ. पं. श्रीव्रजवल्लभशरणजी, कृषि विभाग में अ. श्रीनरहरिदासजी, श्रीवृन्दावनस्थ मन्दिर कुञ्जों में व्यवस्थार्थ अ. श्रीलाडिलीशरणजी को बड़े महाराजश्री द्वारा बनाये ट्रस्ट द्वारा यह कार्य सम्पादित हुआ । वर्तमान आचार्य श्रीचरण की उस समय १४ वर्ष की अवस्था थी इस दृष्टि से महाराजश्री ने केवल वर्तमान आचार्यश्री के साबालिक होने तक के लिए ट्रस्ट निर्धारित किया था जो आगे चलकर वर्तमान आचार्य चरणों के साबालिक होने पर स्वतः ही निरस्त हो गया । अस्तु- वर्तमान आचार्यश्री के अध्ययनकाल में ये श्रीवृन्दावन कुञ्ज की व्यवस्था के साथ-साथ आचार्यश्री के अध्ययन सम्बन्धी व्यवस्था भी करते थे । योगवशात् मलेरिया की भीषण व्याधि से पीड़ित होने के कारण ये श्रीवृन्दावन से वि. सं. २००० आश्विन मास में आचार्यपीठ आ गये । यहाँ पर चिकित्साओं के कराने पर भी इनकी व्याधि का शमन नहीं हुआ और दीर्घकालिक व्याधि के बाद श्रीसर्वेश्वर-राधामाधव प्रभु की पावन सन्निधि में वि. सं. २००० के माघ मास में इन्होंने अपने पाञ्चभौतिक शरीर का त्याग कर श्रीभगवद्धाम की प्राप्ति की ।

आपके द्वारा संकलित इस नित्य कर्म पद्धति ग्रन्थ से श्रीनिम्बार्क सम्प्रदाय के भावुक भक्तजन ही नहीं अपितु समस्त वैष्णव समाज पूर्ण लाभान्वित होगा, ऐसी आशा है ।

मिति आषाढ शु. १५ श्रीगुरुपूर्णिमा --पं० गोविन्ददास सन्त

सोमवार वि. सं. २०४३ प्रचारमन्त्री-अ. भा. श्रीनिम्बार्काचार्यपीठ

* विषय--सूची *

विषय	पृष्ठ संख्या

श्रीसर्वेश्वरो जयति

॥ श्रीभगवन्निम्बार्काचार्याय नमः ॥

अथ श्रीनिम्बार्कीय--

नित्यकर्मपद्धति

श्रीहरिगुरु भक्तिपरायण, परमतत्त्व श्रीभगवद्भावापत्ति-मोक्षाभिलाषी उपासक को रात्रि के शेष पहर (४ बजे) ब्रह्म मुहूर्त में उठकर अपने मस्तक में नीचे लिखे हुये श्लोक से श्रीगुरु-देव का स्मरण करना चाहिये--

आनन्दमानन्दकरं प्रसन्नं ज्ञानस्वरूपं निजभावयुक्तम् ।
योगीन्द्रमीड्यं भवरोगवैद्यं श्रीमद्गुरुं नित्यमहं स्मरामि॥

अर्थ-आनन्द स्वरूप और शिष्य को आनन्दित करने वाले, प्रसन्न ज्ञानस्वरूप, अपने भाव से युक्त योगियों में श्रेष्ठ पूजनीय संसाररूपी रोग के वैद्य स्वरूप श्रीगुरुदेव को मैं नित्य स्मरण करता हूँ ।

इसके बाद स्वइष्ट वामाङ्ग में सर्वेश्वरी श्रीराधा से सुशोभित भगवान् श्रीकृष्णचन्द्र का नीचे लिखे हुए श्लोक से स्मरण करे--

नमामि राधापतिपादपल्लवं वदामि राधापतिनामनिर्मलम् ।
भजामि राधापतितत्त्वमक्रियं करोमि राधापतिसेवनं मुदा ॥

अर्थ-श्रीराधिकारमण के पाद पल्लव को नमस्कार करता हूँ। पवित्र श्रीराधाकृष्ण का नाम उच्चारण करता हूँ। श्रीराधापति श्रीकृष्ण के अक्रिय (नित्य निर्विकार) तत्त्व का भजन करता हूँ। एवं प्रीति पूर्वक श्रीराधापति का सेवन करता हूँ। इस तरह श्रीकृष्ण का स्मरण कर उठे, और उठकर नीचे लिखे श्लोक से पृथ्वी को प्रणाम करे--

समुद्रमेखले ! देवि ! पर्वतस्तन मण्डले ! ।
विष्णुपत्नि नमस्तुभ्यं पादस्पर्शं क्षमस्व मे ॥

अर्थ-समुद्रमेखले ! हे देवि ! हे पर्वतस्तनमण्डले ! हे विष्णुपत्नि ! तुम्हारे लिये नमस्कार है, मेरे पाद स्पर्श को क्षमा करना। इस तरह पृथ्वी की प्रार्थना कर श्वास के अनुसार (अर्थात् उस समय नाक का जो स्वर चलता हो उसके अनुसार) पैर पृथ्वी पर धरे। इसके बाद शौच को जाय, जाने से पहिले शौच के लिये नीचे लिखे मन्त्र से मृत्तिका को खंती या खुरपी से खोद कर लेवे।

मन्त्र--येन त्वां खनति ब्रह्मा येन त्वां रुद्रकेशवौ ।
तेन त्वाहं खनिष्यामि शुद्ध्यर्थं करपादयोः ॥

अर्थ-जिससे तुमको ब्रह्मा, शिव और केशव खोदते हैं, उसी से मैं हाथ और पैर शुद्ध करने के लिये खोदता हूँ।

फिर शौच करने के लिये नीचे लिखे मन्त्र से जल लेवे।

मन्त्र--सलिलस्य मुखं दृष्ट्वा विष्णुरूपं नमोस्तु ते ।
अहं गृह्णामि शौचार्थं ह्यापोदेव्यः पुनन्तु माम् ।।

अर्थ-जल का मुख देखकर हे विष्णुस्वरूपजल ! तुमको नमस्कार है, शौच के लिये मैं तुमको ग्रहण करता हूँ । हे आपः ! मुझे पवित्र कीजिये । जल लेकर यज्ञोपवीत को दाहिने कान पर चढाकर (उत्तरीय वस्त्र) गंमछा से शिर बाँधकर सूर्य को दाहिनी तरफ लेकर नीचे लिखे हुये मन्त्र से पृथ्वी पर रहने वाले देवता यक्ष गंधर्वादिकों को हटाने के लिये तीन बार ताली बजावे ।

मन्त्र--उत्तिष्ठन्तु सुराः सर्वे यक्षगंधर्वकिन्नराः ।
पिशाचा गुह्यकाश्चैव मलमूत्रं करोम्यहम् ।।

अर्थ-हे समस्त देवताओं ! हे यज्ञ ! गन्धर्व, किन्नरो, हे पिशाच ! गुह्यको, तुम अब यहाँ से उठो मैं मलमूत्र करता हूँ ।

इसके बाद शौच कर हाथ पैर शुद्ध करे, मृत्तिका लगावे, उसका नियम यह है कि-एक बार लिङ्ग में, तीन बार गुदा में, दश बार बाम हाथ में, सात बार दोनों हाथों में । एवं तीन-तीन बार दोनों पैरों में, मृत्तिका लगाकर हाथ धोवे । इस तरह हाथ पैर शुद्ध करके नीचे लिखी हुई प्रभातियों (दंतौन) में से कोई एक प्रभाती (दन्त धावन) नीचे लिखे मन्त्र को बोलकर वृक्ष से लेवे--

खदिरश्च करञ्जश्च कदम्बश्च वटस्तथा ।
चिञ्चिणी वेणुष्पृठश्च आम्रो निम्बस्तथैव च ।।

अपामार्गश्च विल्वश्च अर्कश्चौदुम्बरस्तथा ।
एते प्रशस्ताः कथिता दन्तधावनकर्मणि ॥

प्रभाती (दन्तधावन) तोड़ने का मन्त्र--

आयुर्बलं यशोवर्चः प्रजापशुवसूनि च ।
ब्रह्मप्रज्ञां च मेधाञ्च तन्नो देहि वनस्पते ! ॥

अर्थ-हे वनस्पते ! हमको आयु, बल, यश, ब्रह्मचर्य, प्रजा, पशु, धन, ब्रह्मज्ञान और बुद्धि दीजिये । यह मन्त्र पढ कर ऊपर लिखी हुई किसी एक वृक्ष से प्रभाती तोड़ कर पहिले १६ बार कुल्ला कर उत्तर या पश्चिम की तरफ मुख करके प्रभाती से खूब अच्छी तरह दाँतों को परिष्कार करे, इसके बाद फिर १६ बार कुल्ला करके मुख धोवे । इस तरह हाथ मुख धोकर स्नान करने के लिये सरोवर अथवा समीपवर्ती नदी या कूप पर जावे, और वहाँ पर हाथ-पैर धोकर संकल्प करे--

श्रीमद्ब्रह्मणोऽह्नि द्वितीयपरार्धे श्रीश्वेतवराह-कल्पे कलियुगे कलिप्रथमचरणे जम्बूद्वीपे भरतखण्डे आर्य्यावर्त्तैकदेशे अमुकदेशे मासानां मासोत्तमे मासे अमुकपक्षे अमुकतिथौ अमुकवासरे अमुकऋतौ अमुकनामदेवशर्माहं श्रीकृष्णप्रीत्यर्थं तान्त्रिकस्नानमहं करिष्ये ।

इस तरह संकल्प कर नीचे लिखे मन्त्र को पढ कर सिर पैर पर्यन्त मृत्तिका लगाकर सूर्यमण्डल की तरफ देख कर प्रार्थना करे ।

ब्रह्माण्डोदरतीर्थानि करैः स्पृष्टानि ते रवे ! ।
तेन सत्येन मे देव ! तीर्थं देहि दिवाकर ! ।।

हे रवे ! ब्रह्माण्ड के भीतर समस्त तीर्थ आपकी किरणों से मिले हुये हैं । हे देव दिवाकर ! उन सत्य किरणों से मुझे तीर्थों के जल को दीजिये । ऐसे प्रार्थना कर अंकुश मुद्रा के द्वारा सूर्यमण्डल के समस्त तीर्थों का नीचे लिखे हुये मन्त्र से आवाहन करे ।

गंगे ! च यमुने चैव गोदावरि ! सरस्वति !
नर्मदे!सिन्धु! कावेरि जलेऽस्मिन्संनिधिं कुरु !!

इस मन्त्र से तीर्थों का आवाहन कर उनका पूजन करे, एवं नमस्कार कर मूलमन्त्र को पढता हुआ स्नान करे । इस तरह स्नान कर जल से ही तिलक और आचमन कर मूलमन्त्र को बोलकर **श्रीराधाकृष्णं तर्पयामि** ऐसा कहकर तीन अञ्जलि जल तर्पण करे । फिर जल से बाहर होकर पवित्र वस्त्र पहिन कर अपने स्थान पर आकर नीचे लिखे मन्त्र को पढकर आसन बिछा कर तिलक को कर वैदिकी, या अधिकारानुसार तान्त्रिकी सन्ध्या करे ।

ॐ पृथिवीति मन्त्रस्य मेरुपृष्ठ ऋषिः सुतलं छंदः कूर्मो देवता आसने विनियोगः ।

इस मन्त्र के पश्चात्--

पृथिवी त्वया धृता लोका देवि त्वं विष्णुना धृता
त्वं च धारय मां देवि पवित्रं कुरु चासनम् ।

यह मन्त्र पढ़ आसन बिछाकर आधार शक्ति कमलासनाय नमः यह पढ़ कर धेनुमुद्रा दिखाकर आसन परं बैठ कर तर्जनी अंगुली से पृथिवी को स्पर्श कर-

अपसर्पन्तु ते भूता ये भूता भुवि संस्थिताः ।
ये भूता विध्नकर्त्तारस्ते नश्यन्तु शिवाज्ञया ॥

यह मन्त्र पढ़ता हुआ बाँये पाँव का अँगूठा पकड़ कर उसी पाँव की ऐढ़ी से तीन बार भूमि में ठोकर मार कर पूर्वमुख स्वस्तिकादि आसन से बैठ कर निम्नलिखित मन्त्रों को बोलता हुआ द्वादश तिलक करे ।

ॐ केशवाय नमः ललाटे १ ॐनारायणाय नमः उदरे २ ॐ माधवाय नमः वक्षस्थले ३ ॐ गोविन्दाय नमः कण्ठकूपे ४ ॐ विष्णवे नमः दक्षिण कुक्षौ ५ ॐ मधुसूदनाय नमः दक्षिण बाहौ ६ ॐ त्रिविक्रमाय नमः दक्षिण कन्धरे ७ ॐ वामनाय नमः वामपार्श्वे ८ ॐ श्रीधराय नमः वामबाहौ ९ ॐ हृषीकेशाय नमः वामकन्धरे १० ॐ पद्मनाभाय नमः पृष्ठे ११ ॐ दामोदराय नमः कट्याम् १२

इस तरह द्वादश तिलक करने के बाद चक्र और शंख की पञ्चोपचारों द्वारा निम्नलिखित मन्त्र से पूजा कर दाहिने हाथ के मूल में चक्र और बाँये हाथ के मूल में शंख निम्नलिखित मन्त्र से लगावें । चक्र और शंख के आवाहन और पूजन का मन्त्र--

ॐ नमो भगवते सुदर्शनाय निर्णाशितसकल-रिपुध्वजाय भगवन्नारायणकरोरुहाम्भोरुहस्पर्श-दुर्ललिताय एह्येहि त्वं सहस्रार चक्रराज सुदर्शन ! यज्ञ-भागं प्रगृह्य स्वपूजां चैव नमो नमः ॥

ॐ नमो भगवते पांचजन्याय विष्णुशंखाय गम्भीरधीरध्व-न्याकुलीकृतकौरववाहनीनाथाय त्रिरेखादक्षिणावर्त्ताय त्रिप्रशस्ताय एह्येहि पाञ्चजन्य त्वं नारायण करस्थित यज्ञभागं प्रगृह्य स्वपूजा-ञ्चैव नमो नमः ॐ रं गं मं नं पाञ्चजन्याय नमः ।

चक्र धारण करने का मन्त्र--

सुदर्शन महाबाहो ! सूर्यकोटिसमप्रभ ।
अज्ञानतिमिरांधानां विष्णोमार्ग प्रदर्शय ॥

शंख धारण करने का मन्त्र--

पाञ्चजन्य निजध्वानध्वस्तपातकसंचय ।
पुनीहि पापिनं घोरं संसारार्णवपातिनम् ॥

इस तरह तिलक और शंख-चक्र धारण कर--

ॐ श्रीगुरुभ्योनमः, परमगुरुभ्योनमः, परात्परगुरुभ्योनमः, अस्मद्गुरुभ्योनमः ।

इन मन्त्रों से श्रीहंस भगवान् से लेकर अपने गुरु पर्यन्त सबको नमस्कार कर सन्ध्या का संकल्प करे ।

अद्य...श्रीभगवदाज्ञापरिपालनरूप प्रातः भगवत्कैंकर्यकर्मरूप भगवत्प्रीत्यर्थं भगवत्कारितं सन्ध्योपासन कर्माहं करिष्ये ।

इसके बाद बांये हाथ में तीन से ज्यादा कुश और पवित्रि धारण करे और दाहिने हाथ में तीन कुश धारण कर ॐकार सहित गायत्री मन्त्र पढ़ कर शिखा में गांठ लगावे । फिर ईशान कोण की तरफ मुख कर ॐ विष्णु यह बोल कर तीन बार आचमन कर-

ॐ ऋतं च सत्यं चाभीद्धात्तपसोऽध्यजायत । ततो रात्र्य-जायत ततः समुद्रोऽर्णवः । समुद्रादर्ण-वादधि संवत्सरो अजायत । अहो रात्राणि विदधद्विश्वस्य मिषतो वशी सूर्याचन्द्रमसौ धाता यथा पूर्वमकल्पयत् । दिवञ्चपृथिवीञ्चांतरिक्षमथोस्वः ।

इस मन्त्र से फिर आचमन करे । इसके बाद चारों तरफ जल का मण्डल बनाकर प्रणव सहित गायत्री मन्त्र को बोलकर अपनी रक्षा करे । फिर नीचे लिखे हुए चारों विनियोगों को पढ़कर तीन बार प्राणायाम करे ।

ॐ कारस्य ब्रह्माऋषिर्गायत्रीछंदोऽग्निर्देवता शुक्लो वर्णः सर्वकर्मारम्भे विनियोगः । सप्तव्याहृतीनां विश्वामित्रजमदग्निभरद्वाजगौतममात्रिवसिष्ठकश्यपा ऋषयो गायत्र्युष्णिगनुष्टुब्बृहती पंक्तित्रिष्टुब्जगत्य-श्छंदांस्यग्निवाय्वादित्यबृहस्पतिवरुणेन्द्रविश्वेदेवादेवताः अनादिष्ट प्रायश्चिते प्राणायामे विनियोगः । गायत्र्या विश्वामित्रऋषिर्गायत्रीछन्दः सवितादेवता अग्निर्मुख-मुपनयने प्राणायामे विनियोगः । शिरसः प्रजापति ऋषिस्त्रिपदा गायत्री छन्दो ब्रह्माग्निवायुसूर्या देवता यजुः प्राणायामे विनियोगः ।

इस तरह ऋष्यादिकों का स्मरण कर आसन बांध कर आंखे मीच कर और मौन होकर दाहिने स्वर को अंगूठे से दबाकर बांये स्वर से श्वास को चढ़ावे । और श्रीराधाकृष्ण के चरणारविन्दों का ध्यान करे फिर मध्यमा और अनामिका से बांये स्वर को भी रोक कर श्रीराधाकृष्ण के वक्षस्थल का ध्यान करे फिर दाहिने स्वर को छोड़ता हुआ श्रीराधाकृष्ण के मुखारविन्द का ध्यान करे । इस तरह इन तीनों प्राणायामों का नाम पूरक, कुम्भक और रेचक है ।

इन त्रिविध प्रत्येक प्राणायाम में--

ॐभूः ॐ भुवः ॐस्वः ॐ महः ॐ जनः ॐ तपः ॐ सत्यं ॐ तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो योनः प्रचोदयात् । ॐ आपोज्योतिरसोमृतंब्रह्म भूर्भुवः स्वरोम् ।

इस मन्त्र का तीन बार जप करे । इसके बाद-

सूर्यश्चमेति मंत्रस्य ब्रह्मा ऋषिः प्रकृतिश्छन्दः सूर्यो देवता अपामुपस्पर्शने विनियोगः ।

इस विनियोग को बोलकर--

ॐ सूर्यश्च मामन्युश्चमन्युपतयश्चमन्यु कृतेभ्यः पापेभ्यो रक्षन्तां यद्रात्र्यापापमकार्षं मनसा, वाचा, हस्ताभ्यां पद्भ्यामुदरेण, शिस्ना रात्रिस्तदवलुम्पतु यत्किञ्चिद्दुरितं मयि इदमहममृतयोनौ सूर्ये ज्योतिषि जुहोमि स्वाहा ।

इस मन्त्र को पढ़ कर सवेरे आचमन करे, और मध्याह्न सन्ध्या में-

आपः पुनन्त्विति विष्णुर्ऋषिरनुष्टुब्छंदः आपो देवता अपामुपस्पर्शने विनियोगः ।

इस विनियोग को पढ़े और--

ॐ आपः पुनन्तु पृथ्वीं पृथ्वी पूता पुनातु माम्, पुनन्तु-ब्रह्मणस्पतिर्ब्रह्मपूता पुनातु माम्, यदुच्छिष्टमभोज्यञ्च यद्वादु-श्चरितं मम । सर्वं पुनन्तुमामापोऽसताञ्च प्रतिग्रह ःं स्वाहा ।

इस मन्त्र को पढ़कर आचमन करे, और सायं सन्ध्या में-

अग्निश्चमेति रुद्रऋषिः प्रकृतिश्छंदोऽग्निर्देवता अपामुपस्पर्शने विनियोगः ।

इस विनियोग को पढ़े । और

ॐ अग्निश्च मामन्युश्च मन्युपतयश्च मन्युकृतेभ्यः पापेभ्यो रक्षन्तां यदह्ना पापमकार्ष मनसा, वाचा, हस्ताभ्यां पद्भ्यां मुदरेण, शिश्ना, अह्नस्तद- वलुम्पतु यत्किञ्चिद्दुरितं मयि, इदमहममृतयोनौ सत्ये ज्योतिषि जुहोमि स्वाहा ।

इस मन्त्र को पढ़ कर आचंमन करे । इसके बाद

आपोहिष्ठेत्यादित्रृचस्य सिन्धुद्वीपऋषिर्गायत्री छन्दः आपो देवता मार्जने विनियोगः ।

इस विनियोग को पढ़ कर, नीचे लिखे हुए सात मन्त्रों को पढ़ता हुआ कुश से शिर पर जल का अभिषेक कर आठवें मन्त्र को पढ़ कर जमीन पर और ९ वें मन्त्र को पढ़ कर फिर सिर पर जल का अभिषेक करे (अर्थात् कुश से जल छिड़के)

ॐ आपोहिष्ठा मयो भुवः १, ॐ तानऊर्जेदधातनः २, ॐ महेरणाय चक्षसे ३, ॐ यो वः शिवतमो रसः ४, ॐ तस्य भाजयते हनः ५, ॐ उशतीरिवमातरः ६, ॐ तस्मा अरङ्ग मामवः ७, ॐ यस्य क्षयाय जिन्वथः ८, ॐ आपोजनयथा चनः ९ ।

इसके बाद हाथ में जल लेकर तीन बार नीचे लिखे हुये मन्त्र को पढ़कर उस जल को माथे पर डाले ।

द्रुपदादिवेत्यस्य कोकिलो राजपुत्रऋषिरनुष्टुप्- छन्दः आपो देवतासौत्रामण्यवभृथे विनियोगः ।

इस विनियोग को बोलकर

द्रुपदादिव मुमुचानः स्विन्नः स्नातो मलादिव । पूतं पवित्रेणेवाज्यमापः शुधन्तु मैनसः ।

इस मन्त्र को तीन बार पढ़कर उस जल को माथे पर छिड़के । इसके बाद

अघमर्षणसूक्तस्याघमर्षणऋषिरनुष्टुप्छन्दो भाववृत्तो देवताऽश्वमेधावभृथे विनियोगः ।

इस विनियोग मन्त्र को बोलकर

ॐ ऋतं च सत्यं चाभीद्धात्तपसोऽध्यजायत । ततो रात्र्यजायत । ततः समुद्रोऽर्णवः समुद्रार्णवादधि सम्वत्सरोऽजायत । अहोरात्राणि विदधद्विश्वस्य मिषतो वशी । सूर्य्याचन्द्रमसौ धाता यथापूर्वमकल्पयत् । दिवञ्च पृथिवीञ्चान्तरिक्षमथो स्वः ।

इस मन्त्र को तीन बार पढ़कर हाथ में जल लेकर नासिका में लगावे , और उसके द्वारा वाम कुक्षि में रहने वाले पाप बाहर

आगये, ऐसा ध्यान करता हुआ जल को अपने बांई तरफ अस्त्रायफट् यह बोलकर छोड़ देवे । इसके बाद

अन्तश्चरसीतितिरश्चीनऋषिरनुष्टुप्छन्दः आपो देवता अपामुपस्पर्शने विनियोगः । इस विनियोग को बोलकर **ॐ अन्तश्च-रसिभूतेषु गुहायां विश्वतोमुख। त्वं यज्ञस्त्वंवषट्कारआपोज्योति-रसोमृतम् ।**

इस मन्त्र को पढ़कर हाथ में लिये हुये जल से आचमन करे । इसके बाद उठकर गायत्री मन्त्र पढ़कर पुष्प, चन्दनमिश्रित जलांजलि सूर्य के अन्तर्यामी भगवान् को देवे, फिर पृथ्वी पर एड़ी नहीं टिके, ऐसे पैरों से अथवा एक ही पैर से सूर्य के सन्मुख खड़ा होकर सवेरे और सन्ध्या को हाथ जोड़कर और मध्याह्न में हाथों को ऊपर उठाकर नीचे लिखे हुये मन्त्रों को पढ़ता हुआ सूर्य के अन्तर्यामी भगवान् का उपस्थान करे ।

उद्वयमित्यस्यहिरण्यस्तूप ऋषिरनुष्टुप्छन्दः सूर्यो देवता सूर्योपस्थाने विनियोगः । ॐ उद्वयं तमसस्परिस्वः पश्यन्त उत्तरम् । देवं देवत्रासूर्यमगन्मज्ज्योतिरुत्तमम् । उदुत्यमिति प्रस्कण्वऋषिगायत्री छन्दः सूर्यो देवता सुर्योपस्थाने विनियोगः । ॐ उदुत्यं जातवेदसं देवं वहन्ति केतवः । दृशे विश्वाय सूर्यम् । चित्रमित्यस्य कौत्स ऋषि-स्त्रिष्टुप्छन्दः सूर्योदेवता सूर्योपस्थाने विनियोगः । ॐ चित्रं देवाना-मुदगादनीकं चक्षुर्मित्रस्य वरुणस्याग्ने आप्राद्यावा पृथिवी अन्तरिक्ष ँ सूर्य

आत्माजगतस्थुषश्च । तच्चक्षुरितिदध्यङ्ङाथर्वणऋषि-रक्षरातीत पुर उष्णिक् छन्दः सूर्यो देवता सूर्योपस्थाने विनियोगः । ॐ तच्चक्षुर्देवहितं पुरस्ताच्छुक्रमुच्चरत् पश्येम शरदः शतम् जीवेम शरदः शत   शृणुयाम शरदः शतम् प्रब्रवाम शरदः शतमदीनास्याम शरदः, शतं भूयश्च शरदः शतात् ॥

इसके बाद विश्वामित्रऋषये नमः शिरसि गायत्री छन्दसे नमो मुखे सवित्रे देवतायै नमः हृदि । ऋष्यादिन्यास कर नीचे लिखे अनुसार षडङ्गन्यास करे ।

ॐ हृदयाय नमः ॐ भूः शिरसे स्वाहा ॐ भुवः शिखायै-वषट् ॐ स्वः कवचायहुँ ॐ भूर्भुवः नेत्राभ्यां वौषट् ॐ भूर्भुव स्वः अस्त्राय फट् ।

नीचे लिखे ३ विनियोगों को बोले ।

ॐ कारस्य ब्रह्मऋषिर्गायत्री छन्दोऽग्निर्देवता शुक्लो वर्णो भगवदाज्ञापरिपालनार्थं भगवत्प्रसाद-सिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः । त्रिव्याहृतीनां प्रजापति-ऋषिर्गायत्र्युष्णिगनुष्टुप् छन्दांस्यग्निवाय्वा-दित्यादेवता भगवत्प्रसादसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः । गायत्र्या विश्वामित्रऋषिर्गायत्री छन्दः सविता देवता भगवत्प्रसादसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः ।

इन विनियोगों को बोलकर नीचे लिखे हुए श्लोकों से गायत्री का ध्यान करे ।

ॐ श्वेतवर्णा समुद्दिष्टा कौशेयवसना तथा । श्वेतैर्विलेपनैः पुष्पैरलंकारैश्चभूषिता । आदित्य-मण्डलस्था च ब्रह्मलोकगता-थवा । अक्षसूत्रधरादेवी पद्मासनगता शुभा ।

ध्यान कर नीचे नीचे मन्त्र से गायत्री मन्त्र का आवाहन करे ।

तेजोसीति देवाऋषयः गायत्री छन्दः शुक्रं दैवतं गायत्र्यावाहने विनियोगः ।

यह विनियोग बोलकर

ॐ तेजोसिशुक्रमस्यमृतमसिधामनामासि प्रियं देवाना-मनाधृष्टं देवयजनमसि ।

इस मन्त्र से आवाहन करे

ॐ गायत्र्यस्येकपदी द्विपदी त्रिपदी चतुष्पद्य-पद्यसि नहि पद्यसे नमस्ते तुरीयायदर्शतायपदाय परो-रजसे सावदोम् ।

इस मन्त्र से उपस्थान कर प्रातः सन्ध्या करने के समय पूर्व की तरफ मुख करके जप करे, मध्याह्न में सूर्य की तरफ मुख करके

और सायंकाल में पश्चिम की तरफ मुख करके १०८ बार अथवा २८ बार गायत्री मन्त्र का जप करे । जप शेष होने पर **भगवति देवि क्षमस्व स्वस्थानं गच्छ** यह बोलकर गायत्री का विसर्जन करे । इस तरह त्रैवर्णिक वैष्णवों को अपने-अपने वर्ण का कर्त्तव्य पालन करना चाहिये । तथा भगवदाज्ञा का समादर करते हुए वैदिकी सन्ध्या शेष होने पर, तान्त्रिकी सन्ध्या करे । ॐ नमः बोलकर दाहिने हाथ में जल लेकर बांये हाथ से ढाक कर मूल मन्त्र से तीन बार अभिमन्त्रित कर पीवे । इसके बाद तीन बार ॐ विष्णु ॐ विष्णु ॐ विष्णु बोलकर आचमन करे, फिर दाहिने हाथ में जल लेकर बांये हाथ से ढक कर मूलमन्त्र को एक बार पढ़कर उस जल को बांये हाथ में लेकर उससे माथे पर छिड़के फिर उसी तरह जल लेकर बांये हाथ से ढक कर एक बार मूलमन्त्र से अभिमन्त्रित कर नाक के दाहिने छिद्र से सूँघ कर उस जल से शरीर के भीतर के सब पाप धो दिये, और वही कृष्ण वर्ण होकर बांये छिद्र से निकल कर हाथ में आ गये, ऐसा चिन्तवन कर अपने बाँई तरफ अस्त्रायफट् यह बोलकर फैंक दे । इसके बाद मूलमन्त्र के अन्त में

सूर्यमण्डलस्थाय श्रीकृष्णाय इदमर्ध्यं समर्पयामि ।

ऐसा बोलकर सूर्य मण्डल स्थित श्रीकृष्ण को तीन अञ्जलि जल देवें । इसके बाद गोपाल गायत्री का जप स्वशक्ति अनुसार श्रीगोपाल मन्त्र से दीक्षित समस्त वैष्णव अवश्य करें ।

ॐ गोपालाय विद्महे गोपीजनवल्लभाय धीमहि तन्नः कृष्णः प्रचोदयात्, ॐ गोपालाय अंगुष्ठाभ्यां नमः ।

विद्महे तर्जनीभ्यां नमः । गोपीजनवल्लभाय मध्यमाभ्यां नमः । धीमहि अनामिकाभ्यां नमः । तन्नः कृष्णः कनिष्ठिकाभ्यां नमः । प्रचोदयात् करतलकर पृष्टाभ्यां नमः । ॐ गोपालाय हृदयाय नमः । विद्महे शिरसे स्वाहा । गोपीजनवल्लभाय शिखायै वषट् । धीमहि कवचाय हुँ । तन्नः कृष्णः नेत्रत्रयाय वौषट् । प्रचोदयात् अस्त्रायफट् ।

ऐसे कर न्यास और अङ्गन्यास कर १०८ अथवा २८ बार जाप करे । यह तीनों काल में सन्ध्या करने की विधि है । जप शेष होने पर जल के बीच अष्टदल कमल बनाकर बीच में काम बीज लिख कर--

ॐ गुरूँस्तर्पयामि, परमगुरूँस्तर्पयामि, महागुरूँस्तर्पयामि, अस्मद्गुरूँस्तर्पयामि, नारदादि देवर्षींस्तर्पयामि, पूर्वसिद्धांस्तर्पयामि, भागवतांस्तर्प-यामि, ॐ नमोभगवते विष्णवे सर्वभूतात्मने वासुदेवाय सर्वात्मने योगपद्मपीठात्मने नमः योग पीठात्मकं श्रीकृष्णं तर्पयामि ।

इस तरह कर्णिका में श्रीकृष्ण का ध्यान कर मूलमन्त्र को बोल कर उसके अन्त में **श्रीकृष्णं तर्पयामि** यह बोलकर २८ अञ्जलि जल से श्रीकृष्ण का तर्पण करे । इस तरह तर्पण शेष हो

जाने पर **अस्त्राय फट्** इस मन्त्र से हाथों को शुद्ध कर गन्ध और पुष्प से हाथों को सुगन्धित करके श्रीगोपाल मन्त्र का जप और श्रीगोपालजी की पूजा के योग्य अपने शरीर को बनाने के लिये भूतशुद्धि, प्राणप्रतिष्ठा, मातृकान्यास, केशवादि मातृकान्यास, तत्वन्यास, ऋषिन्यास, करन्यास, अङ्गन्यास, पदन्यास, वर्णन्यास प्रभृति नीचे लिखे क्रम से करे।

श्रीराधकृष्णाराधनयोग्यतासिद्ध्यर्थं भूत शुद्धि-महंकरिष्ये।

इस तरह संकल्प करके कच्छपी मुद्रा से हृदय में स्थित जीव ज्योति को परंब्रह्म में लीन करके बाँई कुक्षि में कृष्ण वर्ण पाप पुरुष का ध्यान कर **यं** इस वायु बीज को १६ बार जपता हुआ बाँये स्वर से स्वांस को चढ़ावे, फिर स्वांस रोक कर इसी वायु बीज को ६४ बार जपे, फिर ३२ बार जप कर दाहिने स्वर से छोड़ दे। फिर दाहिने स्वर से **रं** इस अग्नि बीज को १६ बार जप कर स्वांस चढ़ावे, ६४ बार जप कर स्वांस रोके, ३२ बार जप कर बाँये स्वर से छोड़े। और मन ही मन में ध्यान करे कि पाप जल गया, फिर बाँये स्वर से स्वांस को खींचता हुआ **ठं** इस चन्द्र बीज को १६ बार जपे, फिर **वं** इस वरुण बीज को ६४ बार जप का स्वांस रोके और मन ही मन में विचार कि अमृत वृष्टि से दिव्य शरीर उत्पन्न हो गया। फिर **लं** इस पृथ्वी बीज को ३२ बार जप का दाहिने स्वर से स्वांस को छोड़े, और भावना करे कि वह दिव्य शरीर पृथ्वी के समान दृढ़ हो गया है। इस तरह भूत शुद्धि कर प्राण प्रतिष्ठा करे।

अस्य प्राणप्रतिष्ठामंत्रस्य ब्रह्माविष्णुमहेशादि ऋषयः ऋग्यजुः सामानि छंदांसि प्राणशक्तिर्देवता आं बीजं ह्रीं शक्तिः क्रौं कीलकं प्राणप्रतिष्ठार्थे विनियोगः।

पहिले इस विनियोग को बोलकर छाती में हाथ लगा कर

ओं आं ह्रीं क्रौं यं रं लं वं शं षं सं हं हंसः सोहं मम प्राणाः मम इन्द्रियाणि मम वाङ्मनश्चक्षुः श्रोत्रघ्राणप्राणा इहागत्य सुखं चिरं तिष्ठन्तु स्वाहा ।

यह मन्त्र पढ़ कर १६ बार ॐ का जप कर अपने शरीर के १६ संस्कार की भावना करे । इस तरह प्राण प्रतिष्ठा करके मातृका न्यास करे, जिसकी विधि है कि प्रत्येक मन्त्र बोल कर अंगुष्ठा और अनामिका अंगुली से उन-उन स्थानों का स्पर्श करे ।

अस्य श्रीमातृकान्यासस्य ब्रह्मा ऋषिः गायत्री छन्दः मातृका सरस्वती देवता हलो बीजानि स्वराः शक्तयः श्रीकृष्णाराधनांगत्वे विनियोगः ।

यह विनियोग बोलकर कण्ठस्थ षोडश दल पद्म में

अं नमः। आं नमः । इं नमः । ईं नमः । उं नमः। ऊं नमः । ऋं नमः । ॠं नमः । लृं नमः । लॄं नमः । एं नमः । ऐं नमः । ओं नमः । औं नमः । अं नमः । अः नमः ।

हृदयस्थित द्वादश दल पद्म में--

कं नमः । खं नमः । गं नमः । घं नमः । ङं नमः । चं नमः । छं नमः । जं नमः । झं नमः । ञं नमः । टं नमः । ठं नमः ।

नाभिस्थित दश दल पद्म में

डं नमः । ढं नमः । णं नमः । तं नमः । थं नमः । दं नमः । धं नमः । नं नमः । पं नमः । फं नमः ।

लिङ्गस्थित षट् दल कमल में

बं नमः । भं नमः । मं नमः । यं नमः । रं नमः । लं नमः ।

आधारस्थित चार दल कमल में

वं नमः । शं नमः । षं नमः । सं नमः ।

भ्रूमध्यस्थित दो दल पद्म में

हं नमः । क्षं नमः ।

यह अन्तर्मातृका न्यास है इस तरह अन्तर्मातृका न्यास करके वहिर्मातृका न्यास करे, उसकी विधि यह है--नीचे लिखे मन्त्रों को बोलता हुआ अंगूठा और अनामिका से उन-उन अङ्गों का स्पर्श करे । अं नमः ललाटे । आं नमः मुखवृत्ते । इं नमः दक्षिण नेत्रे । ईं नमः वाम नेत्रे । उं नमः दक्षिण श्रोत्रे । ऊं नमः वाम श्रोत्रे । ऋं

नमः दक्षिण नासापुटे । ऋं नमः वाम नासापुटे । लृं नमः दक्षिण गंडे । लॄं नमः वाम गंडे । एं नमः ऊर्ध्वोष्ठे । ऐं नमः अधरोष्ठे । ओं नमः ऊर्ध्वदन्तपंक्तौ । औं नमः अधो दन्तपंक्तौ । अं नमः शिरसि। अः नमः मुखे । कं नमः दक्षि बाहु मूले । खं नमः कूपरि । गं नमः दक्षिण मणिबन्धे । घं नमः दक्षिण अंगुलिमूले । ङं नमः अंगुल्यग्रे । चं नमः वाम बाहुमूले । छं नमः वाम कूपरि । जं नमः वाम मणिबन्धे। झं नमः वाम अंगुलिमूले । ञं नमः अंगुल्यग्रे । टं नमः दक्षिण पाद मूले । ठं नमः जानुनि । डं नमः गुल्फे । ढं नमः पादांगुलि मूले । णं नमः दक्षिण पादांगुल्यग्रे । तं नमः वामपादमूले । थं नमः वाम-जानुनि । दं नमः वामगुल्फे । धं नमः वामपादांगुलिमूले । नं नमः वामपादांगुल्यग्रे । पं नमः दक्षिणपार्श्वे । फं नमः वामपार्श्वे । बं नमः पृष्ठे । भं नमः नाभौ । मं नमः उदरे । यं नमः वक्षसि । रं नमः दक्षिण कुक्षौ । लं नमः ककुदि । वं नमः वाम कुक्षौ । शं नमः हृदादि दक्षिण वाहौ । षं नमः हृदादि वाम वाहौ । सं नमः हृदादि दक्षिण पाद पर्यन्तम् । हं नमः हृदादि वामपादपर्यन्तम् । लं नमः हृदादि जठरान्तम् । क्षं नमः हृदादि मुखांत पर्यन्तम् । इस तरह खाली मातृकान्यास करके केशवादि मातृका न्यास करे । यदि लक्ष्मी प्राप्ति की इच्छा हो तो सब में श्रीः बीज लगा कर न्यास करे ।

अथ केशवादिमातृकान्यासस्य प्रजापतिऋषिः गायत्री छन्दः श्रीलक्ष्मीनारायणो देवता हलोबीजानि स्वरसंग्रहः शक्तिः देहशुद्धिपूर्वकपुरुषार्थचतुष्टये विनियोगः ।

यह विनियोग बोल कर नीचे लिखे मन्त्रों से न्यास करे । अं केशवाय कीर्त्यै नमः ललाटें । आं नारायणायकान्त्यै नमः मुखवृत्ते। इं माधवाय तुष्ट्यै नमः दक्षिणे नेत्रे । ईं गोविन्दाय पुष्ट्यै नमः वाम नेत्रे । उं विष्णवे धृत्त्यै नमः दक्षिण कर्णे । ऊं मधुसूदनाय शान्त्यै नमः वाम कर्णे । ऋं त्रिविक्रमायक्रियायै नमः दक्षिणनासापुटे । ॠं वामनाय दयायै नमः वाम नासापुटे । लृं श्रीधराय मेधायै नमः दक्षिण गंडे । लॄं हृषीकेशाय हर्षायै नमः वाम गंडे । एं पद्मनाभाय श्रद्धायै नमः उर्ध्वोष्ठे । ऐं दामोदराय लज्जायै नमः अधरोष्ठे । ओं वासुदेवाय लक्ष्म्यै नमः ऊर्ध्व दन्तपंक्तौ । औं संकर्षणाय सरस्वत्यै नमः अधो दन्तपंक्तौ । अं प्रद्युम्नाय प्रीत्यै नमः शिरसि । अः अनिरुद्धाय रत्यै नमः मुखे । कं चक्रिणे जयायै नमः दक्षिण वाहौ । खं गदिने दुर्गायै नमः दक्षिण कूर्परि । गं शार्ङ्गिणे प्रभायै नमः दक्षिणमणिबन्धे । घं खड्गिने सत्यायै नमः दक्षिणांगुलिमूले । ङं शंखिने चण्डायै नमः दक्षिणांगुल्यग्रे । चं हलिने वाण्यै नमः वामवाहुमूले । छं मुसलिने विलासिन्यै नमः वामकूर्परि । जं शूलिने विजयायै नमः वाममणिबन्धे। झं पाशिने विरजायै नमः वामांगुलिमूले । ञं अंकुशिने विश्वायै नमः वामांगुल्यग्रे । टं मुकुन्दाय विमदायै नमः दक्षिणपादमूले । ठं नन्दजाय सुनन्दायै नमः जानुनि । डं नन्दिने स्मृत्यै नमः गुल्फे ।ढं नारायणाय ऋद्ध्यै नमः दक्षिण पादांगुलिमूले । णं नरक जिते स्मृद्ध्यै नमः दक्षिणपादांगुल्यग्रे । तं हरये शुद्ध्यै नमः वामपाद मूले । थं कृष्णाय वुद्धैय नमः वाम जानुनि । दं सत्याय मुक्त्यै नमः वाम गुल्फे । धं सात्वताय सत्यै नमः वामपादांगुलिमूले । नं शौरये क्षमायै नमः वामपादांगुल्यग्रे । पं परशुरामाय रमायै नमः दक्षिण पार्श्वे । फं

जनार्दनाय उमायै नमः वाम पार्श्वे । बं भूधराय क्लेदिन्यै नमः पृष्ठे । भं विश्वादि मूर्तये क्लिन्नायै नमः नाभौ । मं वैकुण्ठाय वसुदेवायै नमः उदरे । यं त्वगात्मने पुरुषोत्तमाय वसुधायै नमः वक्षसि । रं अमृतात्मने वलिने परायै नमः दक्षिणकुक्षौ । लं मांसात्मने वलानुजाय परायणायै नमः ककुदि । वं मेदात्मने वलाय सूक्ष्मायै नमः वाम कुक्षौ । शं अस्थ्यात्मने वृषघ्नाय संध्यायै नमः हृदयादि दक्षिणहस्ते। षं मज्ञात्मने वृषाय प्रज्ञायै नमः हृदयादि वामहस्ते । सं शुक्रात्मने हंसाय प्रभायै नमः हृदियादि दक्षिणपादे । हं प्राणात्मने वराहाय निशायै नमः हृदयादि वामपादे । लं शक्त्यात्मने विमलाय अमोघायै नमः हृदयादि जठरावधि । क्षं क्रोधोत्मने नृसिंहाय विद्युते नमः हृदयान्मुखावधि ।

श्लोक--केशवादिरयंन्यासो न्यासमात्रेण देहिनाम् ।
अच्युतत्वं ददात्येव सत्यं सत्यं न संशय ॥

यह केशवादि मातृकान्यास मात्र करने से मनुष्य को भगवान् के तुल्य बना देता है, यह सत्य है, इसमें सन्देह नहीं है ।

* अथ तत्त्व--न्यासः *

मं नमः पराय जीवात्मने नमः । भं नमः पराय प्राणात्मने नमः । इन दोनों मन्त्र से सर्व शरीर में न्यास करे । वं नमः पराय बुद्ध्यात्मने नमः । फं नमः पराय अहंकारात्मने नमः । पं नमः

पराय मन आत्मने नमः । इन तीनों मन्त्रों को हृदय में न्यास करे । नं नमः पराय शब्दात्मने नमः शिरसि । धं नमः पराय स्पर्शात्मने नमः मुखे । दं नमः पराय रूपात्मने नमः हृदि । थं नमः पराय रसात्मने नमः गुह्ये । तं नमः पराय गंधात्मने नमः पादयोः । णं नमः पराय श्रोत्रात्मने नमः श्रोत्रयोः । ढं नमः पराय त्वगात्मने नमः त्वचि । डं नमः पराय चक्षुरात्मने नमः चक्षुषोः । ठं नमः पराय जिह्वात्मने नमः रसनायां । टं नमः पराय घ्राणात्मने नमः घ्राणयोः । ञं नमः पराय वागात्मने नमः मुखे । झं नमः पराय पाण्यात्मने नमः हस्तयोः । जं नमः पराय पादात्मने नमः पादयोः । छं-नमः पराय पाय्वात्मने नमः गुदे । चं-नमः पराय उपस्थात्मने नमः उपस्थे । ङं-नमः पराय आकाशात्मने नमः मूर्ध्नि । घं-नमः पराय वाय्वात्मने नमः मुखे । गं-नमः पराय तेज आत्मने नमः हृदि । खं-नमः पराय अबात्मने नमः गुह्ये । कं-नमः पराय पृथिव्यात्मने नमः पादयोः । शं-नमः पराय हृत्पुंडरीकात्मने नमः । हं-नमः पराय द्वादशकलाव्याप्तसूर्य्य-मण्डात्मने नमः । सं-नमः पराय षोडशकलाव्याप्तचन्द्रमण्डलाय नमः । रं-नमः पराय दशकलाव्याप्तवह्निमण्डलात्मने नमः । इन चार मन्त्रों को हृदय में न्यास करे । षं- नमः पराय श्रीवासुदेवाय परमेष्ठ्यात्मने नमः शिरसि । यं-नमः पराय संकर्षणाय पुरुषात्मने नमः मुखे । लं नमः पराय प्रद्युम्नाय विश्वात्मने नमः हृदि । वं नमः पराय अनिरुद्धाय निर्वृत्यात्मने नमः लिङ्गे । लं-नमः पराय नारायणाय सर्वात्मने नमः पादयोः । क्षं-नमः पराय नृसिंहाय कोपतत्त्वात्मने नमः सर्व शरीरे । इति तत्वन्यासः । अथ इन्द्रिय-न्यासः । ॐ दिग्भ्यो नमः श्रोत्रयो । ॐ आदित्याय नमः नेत्रयोः ।

ॐ वायवे नमः त्वचि । ॐ वरुणाय नमः जिह्वायाम् । ॐ अग्नये नमः वाचि । ॐ इन्द्राय नमः हस्तयोः । ॐ विष्णवे नमः पादयो : । ॐ मित्राय नमः पायौ । ॐ प्रजापतये नमः गुह्ये । ॐ चन्द्राय नमः मनसि । ॐ ब्रह्मणे नमः बुद्धौ । ॐ रुद्राय नमः अहङ्कारे । ॐ ईश्वराय नमः मनसि । ॐ चैतन्याय नमः चित्ते । इन्द्रियों के शुद्ध करने के लिये यह इन्द्रियन्यास है ।

॥ अथ पीठन्यास ॥

ॐ आधार शक्तये नमः । ॐ मूल प्रकृत्यै नमः । ओं कूर्म्माय नमः । ॐ अनन्ताय नमः । ॐ पृथिव्यै नमः । ॐ क्षीरसिन्धवे नमः । ॐ श्वेतद्वीपाय नमः । ॐ रत्नोज्वलमहामणिमण्डलाय नमः। ॐ कल्पवृक्षाय नमः । इन नौ मन्त्रों को हृदय में न्यास करे । ॐ धर्माय नमः, दक्षिणांसे । ॐ ज्ञानाय नमः, वामांसे । ॐ वैराग्याय नमः, दक्षिण उरौ । ॐ ऐश्वर्याय नमः, वामोरौ । ॐ अधर्माय नमः, मुखे । ॐ अज्ञानाय नमः, वामपार्श्वे । ॐ अवैराग्याय नमः, कट्याम् । ॐ अनैश्वर्याय नमः, दक्षिणपार्श्वे । ॐ अनन्ताय नमः । ॐ पद्माय नमः । ॐ अं द्वादशकलाव्याप्तसूर्यमण्डलात्मने नमः । ॐ उं षोडशकला व्याप्तचन्द्रमण्डलात्मने नमः । ॐ मं दशकला व्याप्त वन्हि मण्डलात्मने नमः । ॐ सं सत्वाय नमः । ॐ रं रजसे नमः । ॐ तं तमसे नमः । ॐ आं आत्मने नमः । ॐ अं अन्तरात्मने नमः। ॐ पं परमात्मने नमः । ॐ ह्रीं ज्ञानात्मने नमः । इन तेरह मन्त्रों को हृदय में न्यास करे । फिर चीने लिखे हुये मन्त्रों को हृदय स्थित अष्ट दल कमल के प्रत्येक दल में एक-एक मन्त्र बोल कर न्यास करें ।

पूर्व से प्रारम्भ करे । ॐ विमलायै नमः । ॐ उत्कर्षिण्यै नमः । ॐ ज्ञानायै नमः । ॐ क्रियायै नमः । ॐ योगायै नमः । ॐ प्रह्वै नमः । ॐ सत्यायै नमः । ॐ ईशान्यै नमः । इन आठ शक्तियों को पूर्व में लिखे हुए के अनुसार न्यास कर हृदयस्थ अष्टदलपद्म के मध्य में ॐ अनुग्रहायै नमः यह न्यास करके ॐ नमो भगवते विष्णवे सर्व भूतात्मने वासुदेवाय सर्वात्मसंयोगयोगपद्म पीठात्मने नमः इस पीठ मन्त्र का व्यापक रूप से न्यास करे और उस पीठ पर विराजमान नित्यानन्द स्वरूप, सर्व प्रकाश ज्ञान स्वरूप, स्वाभाविक अनन्तगुण-शक्तिसागर, श्रीकृष्ण का ध्यान कर पञ्चोपचार से मानसिक पूजन करे । ॐ अस्य श्रीगोपालाष्टादशाक्षरमन्त्रस्य नारद ऋषिः गायत्री छंदः श्रीकृष्णः परमात्मा देता क्लीं वीजं स्वाहा शक्ति ह्रीं कीलकं श्रीकृष्णप्रीत्यर्थे जपे विनियोगः । ॐ नारदऋषये नमः शिरसि । गायत्री छंदसे नमः मुखे । श्रीकृष्णदेवतायै नमः हृदये । क्लीं वीजाय नमः गुह्ये । स्वाहा शक्त्यै नमः पादयोः । ह्रीं कीलकाय नमः सर्वांगे। इति ऋष्यादिन्यास । क्लीं अंगुष्ठाभ्यां नमः । कृष्णाय तर्जनीभ्यां नमः । गोविन्दाय मध्यमाभ्यां नमः । गोपीजन अनामिकाभ्यां नमः । वल्लभाय कनिष्ठकाभ्यां नमः । स्वाहा करतल कर पृष्टाभ्यां नमः । इति करन्यासाः । क्लीं हृदयाय नमः । कृष्णाय शिरसे स्वाहा। गोविन्दाय शिखायै वषट् । गोपीजन कवचाय हुम् । वल्लभाय नेत्रत्रयाय वौषट् । स्वाहा अस्त्राय फट् । इत्यङ्ग न्यासः । क्लीं नमो मूर्ध्नि । कृष्णाय नमः वक्त्रे । गोविन्दाय नमः हृदि । गोपीजन-वल्लभाय नमः नाभौ । स्वाहा नमः पादयोः । इति पदन्यासः । क्लीं नमः मूर्ध्नि । कृं नमः भाले । ष्णां नमः भ्रुवोः । यं नमः नेत्रयोः।

गों नमः कर्णयोः । विं नमः नासिकयोः । दां नमः मुखे । यं नमः कण्ठे । गों नमो दोर्मूले । पीं नमो हृदये । जं नमो उदरे । नं नमो नाभौ । वं नमो लिंगे । ल्लं नमो गुह्ये । भां नमः कट्याम् । यं नमो जान्वोः । स्वां नमो गुल्फयोः । हां नमः पादयोः । इति वर्णन्यासः । ॐ हुं सुदर्शनाय अस्त्राय फट् । इस मन्त्र से अपने चारों तरफ रक्षा करे । मूल मन्त्र को बोलकर तीन बार प्राणायाम करे । फिर श्रीराधाकृष्ण का ध्यान करते हुये यथाशक्ति जप करे । जप करते समय नीचे लिखी बातों को न करे । यथा क्रमदीपिका पृष्ठ ११२ । **न वदन्नस्वपन्गच्छन्नान्यत्किमपि संस्मरन् । नक्षुज्ज्रृम्भणहिक्कादिविकलीकृतमानसः ।** अर्थात् बातें करते हुये, ओंघते हुये, रस्ता चलते हुये और किसी चीज को स्मरण करते हुये, थूकते हुये, जम्हाई लेते हुये, हुचकी लेते हुये, अथवा और किसी तरह से मन को खराब करते हुये जप न करे । एवं पाग बाँधकर, जामा पहर कर, नग्न और शिखा में बिना ग्रन्थि दिये हाथ-पाँव फैलाकर और उँचे आसन पर बैठकर जप न करे । (वैशम्पायन संहिता) में जप करने का नियम यह है--

स्नानं त्रिसवनं प्रोक्तमशक्तौ द्विः सकृत्तथा । अस्नातस्य फलं नास्ति नचातर्पयतः पितृन् । नासत्यमभिभाषेत नेन्द्रियाणि प्रलोभयेत् । शयनं दर्भशय्यायां शुचिः प्रयतमानसः । यद्वासः क्षालयेन्नित्यमन्यथाविघ्नमावहेत् । नैकवासा जपेन्मन्त्रं वहुवस्त्री कदाचन । उपर्यधो वहिर्वस्त्रेपुरश्चरणकृद्भवेत् ।

अर्थात्--तीन बार स्नान करे, यदि असक्त होय तो दो बार या एक बार स्नान करे, क्योंकि बिना स्नान किये और पित्रीश्वरों का बिना तर्पण किये फल नहीं मिलता, झूठ न बोले, इन्द्रियों को चंचल न करे । कुशासन की शय्या पर सोवे, पवित्र रहे । मन का संयम करे । जिस वस्त्र को पहन कर जप करे उसे रोज धोवे अन्यथा विघ्न होगा । एक वस्त्र पहर कर मन्त्र न जपे एवं अनेक वस्त्र पहर कर भी जप न करे । जप करने वाले को धोती, चादर पहर ओढ़ कर जप करना चाहिये एवं (नारद पुराण में) जप करने का नियम इस प्रकार है--

शनैः शनैरविस्पष्टं न द्रुतं न विलम्बितम् । न न्यूनं नाधिकं वापि जपं कुर्याद्दिने दिने । स्त्रीशूद्राभ्यां न सम्भाषेद्रात्रौ जपपरो न च । जपेन्न संध्याकालेषु-प्रदोषेनो भयेषु च । ब्राह्मणानीतवस्त्रशुद्धजलेन कर्मकृद्भवेत् ।

धीरे-धीरे स्वर से जप करे । विशेष जोर से, जल्दी-जल्दी अथवा रुकरुक कर और किसी दिन ज्यादा किसी दिन कम इस तरह जप न करे, स्त्री और शूद्रों से भाषण न करे । रात्रि में संध्या के समय, प्रदोष के समय जप न करे । ब्राह्मण के द्वारा लाये हुये वस्त्र और शुद्ध जल से कर्म करे । रोज गौओं की सेवा करे । सब जीवों पर कृपा करे । और अधिष्ठात्री देवता का ध्यान करे । और खाने-पीने की साम्रग्रियों पर ३२ बार अथवा २५ बार मन्त्र जप कर खाये-

पीवे। और माला, गन्ध, वस्त्र, आभूषण आदि सभी वस्तुओं पर ७ बार जप कर तब उसको व्यवहार में लावे। इस तरह प्रसङ्गवश जप करने का नियम संक्षेप में सब के जानने के लिये यहाँ पर लिख दिया है। विस्तार से देखने वालों को (क्रमदीपिका) मँगाकर पढ़ लेना चाहिए। इस तरह जप शेष कर जप के अन्त में फिर अङ्गन्यास कर, तीन बार प्राणायाम कर नीचे लिखे मन्त्र को बोलकर जप भगवान् को समर्पण करे।

गुह्यातिगुह्यगोप्ता त्वं गृहाणास्मत्कृतं जपम्।
सिद्धिर्भवतु मे देव ! त्वत्प्रसादात् त्वयि स्थितिः।

जप समर्पण कर वहिः पूजा का प्रारम्भ करे। इसकी विधि इस प्रकार है। जगमोहन में जाकर तीन बार साष्टांग प्रणाम कर भगवान् से किम्वा भगवदाज्ञानुवर्ती गुरुदेव से सेवा करने की आज्ञा लेकर मन्दिर का दरवाजा खोलकर तीन बार ताली बजाकर स्वांस के अनुसार मन्दिर में प्रवेश करे। मन्दिर यदि कच्चा हो तो गोबर से लीपकर यदि पक्का हो तो धोकर और वस्त्र से पोंछ कर शुद्ध पवित्र जल से पार्षद धोकर मन्दिर को यथा योग्य सजाकर और पूजा की सामग्रियों को अपने सामने लाकर चौकी पर पार्षदों को सजावे। अपनी बाई तरफ चन्दन से सांथिया बनाकर **भूम्यै नमः** यह बोलकर पृथिवी की प्रार्थना करे। फिर साथिया पर चन्दन पुष्प से पूजा कर कलश को शुद्ध सुगन्धित जल से भरकर उसमें **गंगे च यमुने चैव** इत्यादि मन्त्र पढ़ता हुआ अंकुशमुद्रा से तीर्थों का आवाहन कर चन्दन

पुष्प से **सर्वेभ्यो तीर्थेभ्यो नमः** यह बोलकर पूजन् करे । अपनी दाहिनी ओर चन्दन, पुष्प, वस्त्र-आभूषणादि धरे । पीछे की तरफ हाथ धोने के लिये जल का पात्र रक्खे । बांये हाथ के पास घंटा को धरे । श्रीभगवान् के दाहिनी तरफ घृत का प्रदीप और बांई तरफ तेल का प्रदीप धरे । अपनी दाहिनी तरफ चन्दन से त्रिकोण अथवा षट् कोण बनाकर चन्दन और पुष्प से पूजाकर **त्रिपादकायै नमः** इस मन्त्र से त्रिपादिका को उस पर धरे । उसके ऊपर **अस्त्राय फट्** इस मन्त्र से शंख को धोकर **ॐ अर्घ्यपात्राय नमः** यह बोलकर अर्घ को धरे । **हृदयाय नमः** यह बोलकर गन्ध पुष्पादि देकर ।

ॐ क्षं लं हं सं षं शं वं लं रं यं मं भं बं फं पं नं धं दं थं तं णं ढं डं ठं टं ञं झं जं छं चं ङं घं गं खं कं अंः अं औं ओं ऐं एं ॣं ॢं ॄं ॠं ऊं उं ईं इं अं क्षं ।

पढ़कर तथा मूलमन्त्र पढ़कर पवित्र जल से शंख को भरे फिर

ॐ मं धर्मप्रददशकलात्मने वन्हिमण्डलाय नमः

इससे त्रिपादिका की पूजा करे

ॐ अं अर्थप्रदद्वादश कलात्मने सूर्य्य मण्डलाय नमः

इससे शंख की पूजा करे । फिर

ॐ उं कामप्रदषोडशकलात्मने सोममण्डलाय नमः

इससे शंख में भरे हुये जल की पूजा करे । **वौषट्** इस मन्त्र से उस जल को देखकर **गंगे च यमुने चैव** इस मन्त्र से अंकुश मुद्रा से सूर्य मण्डलस्थ तीर्थों का आवाहन कर **वषट्** इस मन्त्र से गालनी मुद्रा और धेनु मुद्रा दिखाकर **हुम्** इस कवच मन्त्र से दोनों हाथों से ढक कर अपने हृदय से भगवान् का आवाहन कर अङ्गन्यास कर उस जल में गंध पुष्प से भगवान् की पूजा कर शंख के चारों तरफ **अस्त्राय फट्** इस मन्त्र को पढ़ कर शंख की रक्षा करे । फिर भगवत्स्वरूप उस जल को मत्स्यमुद्रा से ढक कर तुलसीदल किम्वा पुष्प से उसका स्पर्श करता हुआ ८ बार मूलमन्त्र को जपे । फिर शंख से दाहिनी तरफ रखे हुए प्रोक्षणीय पात्र में उस शंख के जल को लेकर उससे थोड़ा सा कलश में देकर और जितनी पूजा की सामग्री हो, सब पर थोड़ा-थोड़ा छिड़क दे । और अपने ऊपर मूलमन्त्र को बोलकर तीन बार छिड़क और शंख का ध्यान करे--

व्यासात्मजः कुमुदकुन्दमृणाल गौरः । शंखो हरेः करतला-म्बुजराजहंसः । नादेन यस्य सुरशत्रुविला-सिनीनां नीव्यो भवन्ति शिथिला जघनस्थलीषु ।

इस तरह शंख की पूजा कर

ॐ गजध्वनिर्मन्त्रमातः स्वाहा ।

इस मन्त्र को बोलकर चन्दन पुष्प से घण्टा की पूजा करे । फिर समस्त पार्षदों की पूजा करे । शंख के दाहिनी तरफ रक्खे हुए

पाद्य पात्र में श्यामाक, दुर्वा अब्ज, विष्णुक्रान्ता छोड़कर तुलसी चन्दन तथा कलश के जल से भर कर गंध-पुष्प से पूजन कर एक बार मूलमन्त्र जपकर थोड़ा सा शंख का जल देकर धेनुमुद्रा दिखावे। इसी तरह शंख के उत्तर तरफ अर्घ्य पात्र में गन्ध, पुष्प, अक्षत, यव, कुशाग्र, तिल (सर्षप) सरसों, दूर्वा छोड़े और पहिले की तरह पूजा करे। शंख के पूर्व तरफ रक्खे हुए आचमन पात्र में (जातीफल) जायफल, लवंग, कंकोल, पिप्पली छोड़े और पूजा करे । शंख के पश्चिम तरफ रक्खे हुए मधुपर्क पात्र में दधि, मधु, घृत रक्खे और ऊपर की तरह पूजा करे। इस तरह सब पात्रों की पूजा हो जाने पर पृथ्वी पर अष्ट दल पद्म लिखकर उस पर योग पीठ बनाकर योग पीठ के देवताओं का आवाहन और पूजन करे, उसकी विधि यह है। योग पीठ पर--

ॐ मंडूक ! इहागच्छ इह तिष्ठ मंडूकाय नमः ।

इस मन्त्र से मंडूक का आवाहन और पूजन कर इसी तरह प्रत्येक मन्त्र को बोलता हुआ पूजा करता जाय । ॐ कालाग्ने ! इहागच्छ इहतिष्ठ कालाग्नेनमः । ॐ मूल प्रकृते ! इहागच्छ इह तिष्ठ मूल प्रकृत्यै नमः । ॐ आधार शक्ते ! इहागच्छ इह तिष्ठ मम पूजां गृहाण आधार शक्तये नमः । ॐ भो कूर्म ! इहागच्छ इह तिष्ठ मम पूजां गृहाण ॐ कूर्माय नमः । ॐ भो अनन्त ! इहागच्छ इह तिष्ठ मम पूजां गृहाण ॐ अनन्ताय नमः। ॐ भो वराह ! इहा-गच्छ इह तिष्ठ मम पूजां गृहाण ॐ वराहाय नमः। ओं भोपृथ्वि !

